# बालों को नुकसान पहुंचाए बिना ऐसे यूज करें हेयर ड्रायर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बालों को सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का इस्तेमाल आजकल खूब किया जा रहा है। हालांकि, प्राकृतिक तरीके से बालों को सूखने देना उनकी सेहत के लिए ज्यादा सही होता है। हेयर ड्रायर से निकलने वाली गर्म हवा बालों को रूखा बनाती है। इससे बाल कमजोर होते हैं और टूटते हैं लेकिन सही तरीके से इसका इस्तेमाल किया जाए तो ये समस्याएं नहीं आएंगी। आज हम आपको बताएंगे कि हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते वक्त आपको क्या गलतियां नहीं करनी हैं और कैसे इनका सही इस्तेमाल करना है:

बालों से रखें पर्याप्त दूरी

हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि इससे आपके बालों की दूरी कम से कम 6-9 इंच जरूर हो। इससे कम दूरी पर रखकर हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करने से बालों में रूखापन बढ़ता है और बाल जल्दी टूटते हैं।

सीरम जरूर लगाएं

बालों पर हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करने से पहले बालों में पोषण युक्त सीरम लगाना न भूलें। यह सीरम हेयर ड्रायर के हीट से आपके बालों को नुकसान पहुंचने से बचाता है। साथ ही इससे आपके बाल भी मुलायम बनते हैं।

पहले करें कंडिशनिंग

हेयर ड्रायर के इस्तेमाल से पहले बालों में कडिशनिंग कर लेना सही होता है। इससे बालों के उलझने की संभावना कम होती है और बाल टूटते नहीं हैं।

बालों में तेल लगाते रहें

अगर आप लगातार बालों में हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते हैं तो जरूरी है कि आप रोज अपने बालों में तेल लगाते रहें। इससे बालों को पर्याप्त पोषण मिल जाता है। यह जरूरी इसलिए है क्योंकि हेयर ड्रायर का बार-बार इस्तेमाल करने से बालों से पोषण जाता रहता है।

सही तरीके से पकड़ें हेयर ड्रायर

हेयर ड्रायर को बॉडी से पकड़ने की बजाय हैंडल से पकड़ें। यह सही तरीका होता है और बालों के लिए भी कम नुकसानदेह होता है। हेयर ड्रायर को हैंडल से पकड़ने पर यह आपके बेहतर नियंत्रण में रहता है। साथ ही बालों को ऐसे उठाएं कि ब्रश और ड्रायर समानांतर हों। हवा बालों के सीध पर पड़े तो ज्यादा सही रहता है।

सही ब्रश का करें इस्तेमाल

हेयर ड्रायर के इस्तेमाल के वक्त सही ब्रश चुनना बेहद जरूरी है। इस दौरान धातु के ब्रश का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। कुदरती ब्रसेल वाले ब्रश का इस्तेमाल करने से बालों को कम नुकसान पहुंचता है।

# सर्दियों में नहाने में हो मुश्किल तो खरीद लाएं ये दो प्रॉडक्ट्स



सर्दियों में कई बार देर होने या मॉर्निंग शिफ्ट के चक्कर में हम शैंपू नहीं कर पाते। कई बार तो बीमारी वगैरह के चलते नहाना भी मिस हो जाता है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनकी ठंड पानी के नाम से और भी बढ़ जाती है। ऐसे दिनों के लिए आपके पास दो चीजें जरूर होनी चाहिए। जानें इनके बारे में...

प्रजेंटेबल दिखना है जरूरी

सर्दियों में आप किसी भी वजह से नहाना या शैंपू करना स्किप करें लेकिन प्रजेंटेबल दिखना बेहद जरूरी होता है। वहीं हाइजीन के लिहाज से भी सफाई तो जरूरी है। साथ ही ज्यादा दिन शैंपू न कर पाने से आपके बाल भी ऑइली दिखने लगते हैं।

ये दो प्रॉडक्ट्स हैं कमाल

इस समस्या से निपटने के लिए आप सर्दियों में बाथ वाइप्स और ड्राई शैंपू का इस्तेमाल कर सकते हैं। जानें इस्तेमाल का तरीका...

ड्राई शैंपू

सर्दियों में बाल ज्यादा ऑइली दिखते हैं। अगर आप बार-बार शैंपू नहीं कर सकते तो ड्राई शैंपू का इस्तेमाल करें। इसे बिना पानी के यूज किया जा सकता है। ये ऐरोसॉल में आता है जो कि पाउडर की तरह होता है। यह कॉर्न और स्टार्च का बना होता है जो बालों का ऑइल और चिपचिपाहट खत्म कर देता है। आपको इसे बस अपने बालों पर स्प्रे करना होता है और बाल फ्रेश लगने लगते हैं।

बाथ वाइप्स

आप यात्रा कर रहे हों या बीमारी कभी-कभी परिस्थिति ऐसी बन जाती है जब आप नहा नहीं पाते। अगर आप फ्रेश फील करना चाहते हैं तो बॉडी वाइप्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। सामान्य नहाने के तरीके की तरह आपको इसमें पानी और वॉशरूम जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसमें ऐंटीबैक्टीरियल प्रॉपर्टीज होती हैं जिससे हाइजीन भी बना रहता है। इन वाइप्स से आपकी स्किन को भी नरिशमेंट मिलता है।

# फ्रेंड के साथ ऑटो रिक्शा की सवारी करती दिखीं मलाइका अरोड़ा

मलाइका अरोड़ा पिछले दिनों मुंबई की सड़कों पर नज़र आईं, लेकिन इस बार वह अपनी महंगी कार में नहीं बल्कि ऑटो रिक्शा में दिखीं। हालांकि, जब भी ये स्टार्स ऑटो रिक्शा की सवारी करते हैं, सुर्खियों में रहते हैं। मलाइका अक्सर बांद्रा की सड़कों पर तब जरूर नजर आती हैं, जब वह जिम के लिए निकलती हैं। इस बार वह अपने किसी फ्रेंड के साथ थीं और रेड ट्रैक सूट में थीं। अगली बार आप यदि मुंबई की सड़कों पर चल रहे हों तो अपनी कार का विंडो नीचे करके चलें, क्या पता कि आपको ऑटो में कोई सिलेब्रिटी दिख जाए।

बता दें कि इन दिनों मलाइका अर्जुन कपूर के साथ अफेयर की वजह से काफी चर्चा में हैं। पब्लिक प्लेस पर कई बार दोनों एक-दूसरे के साथ नजर आ चुके हैं। हाल ही में दोनों बॉलिवुड प्रड्यूसर रितेश सिद्धवानी के घर हुई प्री-क्रिसमस पार्टी में भी साथ पहुंचे थे।